तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



12 सामूहिक आदर्श विवाह में स्काउट-गाइड ने...





12 संतुलित आहार व कुपोषण उन्मूलन के लिए...




## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से पिता-पुत्री घायल

**महासमुंद**। काम के सिलसिले में महासमुंद आए पिता-पुत्री बाइक की टक्कर से घायल हो गए। कोतवाली पुलिस ने बताया कि 5 अप्रैल को गिरधर साहू और उसकी बेटी मोनिका साहू अपने मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 04 एपी 9158 में काम के सिलसिले में शाम करीब 4 बजे महासमुंद गए थे। सामान खरीद कर शाम लगभग 5.30 बजे घर वापस जा रहे थे कि भलेसर रोड सितली नाला के आगे पहुंचने पर भलेसर से महासमुंद की ओर आ रही बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडी 0592 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये लाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दोनों को चोट लगी है। आरोपीचालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# सुशासन तिहार शुरू, लोग पंचायतों-नगरीय निकायों में दे रहे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समस्या, शिकायत और मांगों को लेकर आवेदन दिए जाने की प्रक्रिया 'सुशासन तिहार 2025' की शुरुआत मंगलवार से हुई। प्रथम चरण के तहत शुरु हुई यह प्रक्रिया शुक्रवार 11 अप्रैल तक जारी रहेगी। पंचायतों के अलावा कलेक्ट्रेट ,जनपद और तहसील कार्यालयों में भी समाधान पेटी लगाए गए हैं। जहां आवेदक समाधान पेटी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर पाएंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सुशासन तिहार के सफल संचालन के लिए जिले के पांचों विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए जिले में 51 नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। साथ ही 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी में प्राप्त आवेदन पत्रों के संकलन एवं जमा करने हेतु अधिकारी कर्मचारियों की भी ड्यूटी निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरी एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में 8 से 11 अप्रैल तक प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन आम जनता से समाधान पेटी में आवेदन प्राप्त कर सेक्टर अधिकारियों द्वारा आवेदन पत्रों को संकलित कर प्रतिदिन शाम 5:30 बजे तक जमा करने के लिए प्रत्येक अनुविभाग अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## प्रत्येक पंचायतों एवं नगरीय निकायों में लगाई गई है समाधान पेटी

### कलेक्टर सहित जिला अधिकारी कर रहे निरीक्षण

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक सहित नोडल अधिकारियों ने मंगलवार को पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत बम्हनी में आवेदन लेने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को आवेदन देने में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने नागरिकों से बातचीत भी की। आवश्यकतानुसार कई केंद्रों में आवेदन देने मदद करने के लिए कर्मचारी तैनात किए गए हैं।



### नागरिकों को सुशासन पर भरोसा

सुबह 10 बजे ग्राम परसदा निवासी विक्रम चंद्राकर ने गांव में पेयजल की समस्या को देखते हुए नलकूप खनन की मांग की। उन्हें विश्वास है कि उनकी मांग का निराकरण होगा। इसी तरह ग्राम खैराभांठा के दुलारी बाई तारक ने रोजगार के लिए आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि यह सरकार की अच्छी सोच है कि हमें अपनी मांग और समस्याओं को बताने एक उचित प्लेटफॉर्म मिल रहा है। इसी तरह सीताराम चौहान ने कहा कि उन्हें गांव में हुए अतिक्रमण को लेकर चिंता है, आवेदन के माध्यम से उन्होंने विश्वास जताया कि उनके आवेदन पर अवश्य निर्णय होगा।





### सचिवों की हड़ताल जारी, पंचायतों के काम प्रभावित

शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव पिछले 23 दिनों से पटवारी कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। भारत की आत्मा गांवों में बसती है, और ग्रामीण समस्याओं के निराकरण का तिहार सुशासन तिहार बिना सचिवों के मनाए जाने की तैयारी है। बता दें कि सचिवों ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को जिला स्तरीय रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा। उक्त रैली में जिले के 545 ग्राम पंचायतों के सचिवों ने भाग लिया। धरना स्थल से हड़ताली सचिवों ने रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। सचिवों ने ज्ञापन में बताया कि हड़ताल को लेकर प्रशासन की ओर से अब तक उनकी मांगों पर कोई विचार तक जानने की पहल नही हुई है। प्रशासन ने ग्रामों में करारोपण अधिकारियों को ड्यूटी के लिए आदेशित किया था। लेकिन, करारोपण अधिकारियों ने प्रभार लेने से इनकार कर दिया। हड़ताल से ग्रामों में पेयजल, राशन कार्ड, निराश्रित कार्य, निर्माण कार्य सहित अनेक काम प्रभावित हो रहे हैं। सुशासन तिहार के लिए फिलहाल प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

## विरोध : कांग्रेसियों ने बढ़ रहे अपराधों पर सरकार को कोसा

# नशे के खिलाफ कांग्रेस ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय दुर्ग के मोहन नगर थाना अंतर्गत ओम नगर निवासी 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई दुराचार व हत्या तथा शहर में एक 12वीं का छात्र वेदांश चंद्राकर की खुले आम चाकू मार कर हत्या कर दी जाती है नशे में डूबे हुए चाकूबाज को कोई पछतावा भी नहीं हो रहा है।

ऐसी हालत में भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ को ले आई है जहां स्कूल बंद हो रही है पर शराब की नई दुकान खुलने लगी है भाजपा सरकार ने गैस सिलेंडर की कीमत कम कर करने की लालच देकर सरकार बनाई, पर सरकार बनने के पश्चात शराब की कीमत कम की जा रही है ताकि छत्तीसगढ़ के नागरिक युवा नशे में धुत रहे और भाजपा के नेता सत्ता का लाभ ले सके आज छत्तीसगढ़ में पुलिस प्रशासन का कोई भय नहीं है पुलिस परिवार का ही आज सुरक्षा की गारंटी कोई नहीं ले पा रहा है छत्तीसगढ़ में पुलिस परिवार की हत्या हो चुकी है तो फिर आम नागरिकों की सुरक्षा की गारंटी कौन ले पाएगा ? और यह सभी घटनाएं युवाओं के दिन रात नशे में होने के कारण हो रहा है इन सभी मुद्दों पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर महासमुंद कांग्रेस कमेटी के द्वारा आज मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया एवं मांग की गई कि छत्तीसगढ़ में फैले नशे के व्यापार पर प्रतिबंध लगाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो गई है अवैध शराब बिक्री फल फूल रही। दिन दहाड़े हत्या, चोरी, मारपीट, चाकूबाजी की घटना आम बात हो गई है कानून का भय कही नजर नहीं आ रहा है प्रदेश में ग्राम पंचायत सचिव हड़ताल पर हैं और भाजपा सरकार सुशासन तिहार मना रही है यह कैसा सुशासन हैं पूरे प्रदेश में आज कुशासन है जनता महंगाई से त्रस्त है किसान आत्म हत्या कर रहे हैं विष्णु साय की सरकार में आज युवा वर्ग नशे के गिरफ्त में है और शासन जानबूझकर शराब भट्ठियों की संख्या बढ़ाने में लगी है पुलिस प्रशासन नशाबंदी के जगह शराब बेचने वालों की सुरक्षा में तत्पर है आज पुलिस प्रशासन का जो भय होना था वह पूरी तरह से खत्म हो चुकी है।



### इनकी रही मौजूदगी

पुतला दहन कार्यक्रम में डॉ रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष, प्रमोद चंद्राकर जिला वनोपज अध्यक्ष, सोमेश दवे, प्रदीप चंद्राकर, गुरमीत चावला, अमन चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, शाहबाज रजवानी, सचिन गायकवाड पूर्व एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, पार्षद सूरज नायक, जनपद सभापति महेंद्र साहू, पूर्व पार्षद शकील खान, निर्मल जैन, तुलसी साहू, मनोहर ठाकुर, हर्षित चंद्राकर, अजय थवाईत, देवेश शर्मा, तबरेज खान, टोमन सिंग कागजी, कपिल साहू, डॉ एजाज नकवी, आकाश निषाद, विराज चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, लीलू साहू, बबलू महानंद, अनुराग चंद्राकर, निहार राव चाकोले, सतीश कन्नौजे, रवि ध्रुव, तुलसी देवदास, भानु साहू एवं अन्य कांग्रेस जन कार्यक्रम में शामिल रहे।

## युवक से अज्ञात लोगों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बसना थाना अंतर्गत ग्राम पैंता के शिव मंदिर के पास खड़े एक युवक के साथ तीन अज्ञात लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को युवक के पिता निरंजन श्रीवास ने बताया कि उसका लड़का दुष्यंत कुमार श्रीवास 6 अप्रैल की 5.30 बजे गांव के बड़े शिव मंदिर के पास खड़ा था, तभी 3 अज्ञात व्यक्ति आए और उसके साथ मारपीट कर दी। मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।


## कलेक्टर ने किया जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण, मुनादी व दीवार लेखन के दिए निर्देश

**महासमुंद**। "सुशासन तिहार 2025" के प्रथम चरण की जिले में शानदार और उत्साहपूर्ण शुरुआत हुई। आम जनता तक सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक ने जनपद पंचायत पिथौरा के सुदूर ग्रामों बम्हनी, बैतारी, झगरेनडीह तथा बागबाहरा जनपद के तेंदुकोना, मोंगरापाली और सम्हर पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर सुशासन तिहार के क्रियान्वयन की स्थिति का निरीक्षण किया। इसी के साथ जिले के पांचों विकासखंडों की विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए नियुक्त किए गए 51 नोडल अधिकारियों ने संबंधित ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने हेतु मुनादी करवाई जाए तथा दीवार लेखन के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, साथ ही आम जनता की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना भी इसका अहम हिस्सा है। सुशासन तिहार को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह और भागीदारी की भावना देखने को मिली। कलेक्टर लंगेह ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी गंभीरता से सुना। इस दौरान पिथौरा में अनुविभागीय अधिकारी ओंकारेश्वर सिंह एवं बागबाहरा में अनुविभागीय अधिकारी उमेश कुमार साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने तिहार की तैयारियों व क्रियान्वयन की जानकारी दी।






# चयनित अग्निवीर युवाओं को कलेक्टर ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सैन्य प्रशिक्षण केंद्र महासमुंद से प्रशिक्षित पांच प्रशिक्षणार्थियों का भारतीय सेना में चयन हुआ है। इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए अग्नि वीर शिवम कुमार शर्मा, डोमन सिंह, तुषार सिंह, भूपेश कुमार, मोनेश कुमार को जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत सीईओ आलोक कुमार शुक्ला द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया।

जिले के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि इन युवाओं को भारत माता की रक्षा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उनके लगन एवं मेहनत के लिए कलेक्टर कार्यालय में इन पांचो युवाओं के चयन पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद महासमुंद के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर, पूर्व सैनिक कन्हैया लाल सोनी, कनक राम निषाद, प्रदीप कुमार चंद्राकर, रविंद्र नायक, लक्ष्मी चंद, पुरुषोत्तम डड़सेना उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा भविष्य में भी इसी प्रकार की सफलता प्राप्त हेतु प्रतिबद्ध रहने की बात कही। जिससे जिले का नाम रोशन हो।

## नाले की दिवार से टकराकर ट्रक जला, चालक की बनी अग्नि समाधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के कोडार जलाशय के पास मंगलवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में ट्रक चालक के जिंदा जल जाने की खबर मिली है। बता दें कि नेशनल हाईवे 53 में कोडार के पास एक ट्रेलर सड़क किनारे बने पुलिया की दीवाल से जा टकराई जिसके बाद उसमें आग लग गई।

आग इतनी तीव्रता से फैली की वाहन के चालक को ट्रक से निकलने का मौका ही नही मिल पाया और ट्रक में ही उसकी अग्नि समाधि बन गई। बता दें कि धूं-धूं कर जल गया ट्रेलर ओडिशा से रायपुर की ओर जा रही है। बता दें कि ट्रेलर में दो जेसीबी का परिवहन किया जा रहा था। उक्त अग्नि कांड की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना करीब शाम साढ़े पांच बजे के आसपास की बताई जा रही है। आग को दो फायर ब्रिगेड की मदद से लगभग बीस मिनट बाद आग पर काबू पाया जा सका।

## तुमगांव पुलिस ने पकड़ा गांजा, एक आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद**। तुमगांव पुलिस ने अवैध रूप से गांजा का परिवहन कर रहे एक बाइक चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 5.14 किलो गांजा और बाइक को जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी सुनिल कुमार वर्मा पिता तिवारी वर्मा (28 साल) निवासी ग्राम डोंगरा वार्ड नं 10 पाठक चौक (नीम चौरा) थाना लवन जिला बलौदाबाजार छग के कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी अंदर 5 पैकेट खाकी रंग के टेप से लिपटा हुआ 5.14 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत करीबन 75,000 और एक काले रंग का होंडा शाईन मोसा क्र सीजी22जेड1323 कीमत करीबन 75,000 रुपए, नगद रकम 500 रुपए जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी ने पूछताछ में अवैध रूप से रखे मादक पदार्थ गांजा को ओडिशा के ग्राम ढाभा से कुछ लोगों से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में खरीद कर बिक्री करने के लिए रायपुर ले जाना बताया।

# सुशासन तिहार पर नहीं पड़ेगा पंचायत सचिवों के आंदोलन का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

रायपुर जिले में नगरीय निकाय क्षेत्रों के अलावा ग्राम पंचायतों में भी 8 अप्रैल से सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के ठीक एक दिन पहले ही जिला पंचायत के सचिवों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन पर चले गए हैं। इसका असर सुशासन तिहार के आयोजन पर पड़ने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन प्रशासन ने सुशासन तिहार आयोजन पर पंचायत सचिव संघ के आंदोलन का असर नहीं पड़े, इसे देखते हुए पहले ही पूरी व्यवस्था कर ली है।

जिला पंचायत रायपुर के सीईओ कुमार विश्वरंजन ने बताया कि सुशासन तिहार के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी से लेकर तहसीलदार, आरआई, पटवारी, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक, कार्यकर्ता की भी ड्यूटी लगाई गई है। इधर पंचायत सचिवों ने अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

### प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन

*इधर प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ के आह्वान पर रायपुर जिला पंचायत सचिव संघ ने जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन कर रैली के माध्यम से मोदी की गारंटी सचिवों का शासकीयकरण जल्द पूरा करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस रैली में मुख्य रूप से जिला रायपुर सचिव संघ अध्यक्ष अमर धनकर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास, जनपद सचिव संघ तिल्दा रायपुर से भरतलाल वर्मा, आरंग से हरमोहन बांधे, अभनपुर से शेष नारायण, धरसींवां से रतन साहू सहित अन्य ब्लॉक के सचिव भी उपस्थित थे।*





### ग्राम पंचायतों में वार्डवार समाधान पेटी रखी जाएगी

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में, ग्राम पंचायतों में और नगरीय क्षेत्रों में वार्डवार समाधान पेटी रखी जाएगी, जिसमें आम जनता अपनी समस्या संबंधी आवेदन डाल सकेंगे। साथ ही यह आवेदन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से भी किये जा सकेंगे। गौरतलब है कि सुशासन तिहार के निरीक्षण के लिए अनुविभाग स्तर पर 10 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। साथ ही नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी अनुविभागों में आज इस संबंध में कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। जनता को आवेदन लिखने में सहायता के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

### सुशासन तिहार की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने सोमवार को सुशासन तिहार के आयोजन को लेकर रेडक्रास सभागार में बैठक ली। इस बैठक में जिला पंचायत रायपुर के सीईओ, एसएसपी लाल उमेद सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में उनहोंने 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक 3 चरणों में आयोजित होने वाले सुशासन तिहार के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों को गंभीरता से लें और गुणवत्तापूर्ण समाधान करना सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप



### पशुओं की देखभाल के लिए 40 नागरिकों को दिया प्रशिक्षण

**रायपुर।** स्ट्रेकीपर्स एनिमल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा गत दिनों पशुओं की फर्स्ट-एड ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य घायल और संकटग्रस्त पशुओं की देखभाल के लिए नागरिकों को प्रशिक्षित करना था। मुख्य वक्ता डॉ. मेजर नलीन शर्मा, डॉ. पदम जैन, डॉ. संतोष आदिल, डॉ. डॉली ने प्राथमिक उपचार, हाइपरथर्मिया व हाइपोथर्मिया, विषाक्तता से संबंधित उपयोगी जानकारी साझा की। उपचार में होने वाली अनैतिक प्रथाओं और सावधानियों पर भी चर्चा की गई। स्ट्रेकीपर्स की संस्थापक डॉ. दीपशिखा ने फर्स्ट-एड किट प्रोग्राम की जानकारी दी, जो कि स्ट्रेकीपर्स जल्द ही शहर में शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत रेस्क्यूअर्स को मोबाइल प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध कराएगा। सह-संस्थापक डॉ. मोनिका और डॉ. अवंतिका ने संस्था की प्रेरणादायक यात्रा और इसके निर्माण में आई चुनौतियों को साझा किया। टीम की सदस्य शैली (वकील) ने पशु क्रूरता पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आम नागरिक भी कानून की सहायता से पशु हिंसा के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं।

### रामनवमी पर्व पर श्रीराम चौक उरकुरा मोड़ बिरगांव का शुभारंभ




**रायपुर।** भगवान श्रीरामलला के जन्मोत्सव के अवसर पर मित्रगण समिति बिरगांव द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान श्रीराम चौक उरकुरा मोड़ बिरगांव का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर शेषनाथ तिवारी ने बताया कि अयोध्या में राजा दशरथ के घर भगवान विष्णु के सातवें अवतार श्रीराम के जन्म की खुशी में उत्सव मनाया जाता है। श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। इस दिन सत्य, प्रेम, त्याग और सेवा की भावना को अपनाने का संकल्प लेना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन संस्थापक के रूप में कई सदस्यों को चयनित किया गया, जिसमें आनंद शाह, संजय यादव, नंद सिंह, शैलेंद्र पटेल, सुभाष यादव, विजेंद्र शर्मा, जय भगवान शर्मा, राम सुमिरन सिंह, हृदयानंद पांडे और विनोद पांडे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रामनवमी पर हनुमान सेवा दल ने बांटी रामरक्षा स्त्रोत किताब



**रायपुर।** रामनवमी के अवसर पर जयस्तंभ चौक पर सोमवार को श्री हनुमान सेवा दल ने श्रीराम की कृपा पाने और सभी कष्टों से मुक्ति दिलाने के लिए किए जाने वाले रामरक्षा स्त्रोत की 3051 पुस्तकों का वितरण किया। दल का उद्देश्य है कि धर्म के साथ समाज का उत्थान हो सके, भारतीय संस्कृति की पताका पूरी दुनिया में लहराए। इस मौके पर श्री हनुमान सेवा दल के अध्यक्ष पंकज मिश्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म बहुत समृद्ध है, जिसका सामने आना जरूरी है। लोगों को सनातन और भारत के मूल से अवगत कराने का कार्य हमारा दल कर रहा है। वितरण कार्यक्रम में प्रशांत दुबे, रोमी वोरा, अमित शर्मा, हेमंत पाल, कुणाल दुबे, हेमंत पटेल, अमित दीवान, ऋषभ खेतान, संस्कार पांडे, जितेंद्र यादव, विनायक तिवारी, विकास जुसेजा, संतोष राव, सचिन पांडे, गोपी जाल, विकेश देवांगन, संजू ठाकुर, प्रदीप पांडे, सुमित खण्डेलवाल, अपूर्व विश्वास आदि साथी उपस्थित थे।

## रूट निर्धारण के बाद परिवहन विभाग जारी करेगा परमिट

# अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अपने घर के दरवाजे पर मिलेगी बस सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राज्य के 146 विकासखंडों के ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जहां यात्री बसों की जगह निजी टैक्सी सेवा संचालित होती है, उन क्षेत्रों में राज्य शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग बस सेवा शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए परिवहन विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों से रिपोर्ट मांगी है। अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने बताया, अलग-अलग जिलों के कलेक्टर ने सौ के करीब ग्रामीण क्षेत्र जहां बसों का संचालन नहीं हो रहा है, उन क्षेत्रों की सूची भेजी है।

मुख्यमंत्री सुगम यातायात योजना के तहत अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में बस संचालन करने शासन ने 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। राज्य सरकार से राशि स्वीकृत होने पर कलेक्टरों से उनके क्षेत्रों के बस विहीन ग्रामीण क्षेत्रों, सड़कों और कनेक्टिविटी की जानकारी मांगी गई है। सभी जिलों से सूची मिलने के बाद नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इसके बाद उन मार्गों के लिए बस संचालन करने के लिए परमिट जारी किया जाएगा। प्रथम चरण में बस्तर और सरगुजा क्षेत्रों के अंदरूनी इलाकों में इसका संचालन शुरू होगा। इसके बाद दूसरे चरण में अन्य संभागों के ग्रामीण क्षेत्रों में यात्री बसे चलेंगी। प्रदेश के 33 जिले के 146 विकासखंडों में 90 से ज्यादा में बसों का वर्तमान में संचालन किया जा रहा है। अंदरूनी इलाकों में रहने वाले 20 हजार 619 गांव में रहने वालों को एक शहर से दूसरे शहर जाने बस पकड़ने किसी अन्य साधन के माध्यम से विकासखंड मुख्यालय आना पड़ता है।

**बस सेवा संचालन करने परिवहन विभाग ने कलेक्टर से मांगी रिपोर्ट**

### चार लाख लोग बसों से यात्रा करते हैं

रोजाना चार लाख के करीब यात्री एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने बसों से यात्रा करते हैं। इनमें बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग शामिल हैं। अंदरुनी ग्रामीण क्षेत्रों में बसों का संचालन होने से सड़कों पर दोपहिया, तीन पहिया और मालवाहक वाहनों में यात्री करने वालों की संख्या कम होगी। साथ ही बेहतर परिवहन का साधन उपलब्ध होने पर यात्रियों की संख्या में इजाफा होगा।



### 12 हजार यात्री बसों का हो रहा संचालन

परिवहन विभाग में वर्तमान में 12 हजार बस पंजीकृत हैं। इनमें से 11 हजार बसों का संचालन राज्य के अलग-अलग जिलों में विभिन्न मार्गों पर हो रहा है। एक हजार के करीब बस अंतर्राज्यीय मार्गों के लिए संचालित हो रही। इनमें सामान्य से लेकर एसी तथा स्लीपर बस शामिल हैं।

### 65 प्रतिशत बसों का संचालन शहरी क्षेत्रों में

राज्य में संचालित 65 प्रतिशत के करीब बसों का संचालन शहरी क्षेत्रों में किया जा रहा है। शेष 35 प्रतिशत बसों का संचालन विकासखंड मुख्यालय तथा बड़े तथा आसानी से पहुंच मार्ग वाले ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जहां सबसे ज्यादा सवारियां निकलती है, उनमें से ज्यादातक क्षेत्रों में बसों का संचालन नहीं हो रहा।

### ग्रामीण क्षेत्र में बस संचालन करने पर मिलेगी छूट

जिन क्षेत्रों में वर्तमान में बसों का संचालन नहीं किया जा रहा है। उन क्षेत्रों की सूची मिलने के बाद उन मार्गों पर बस संचालन करने पर बस ऑपरेटरों को परमिट तथा टैक्स में राहत दिए जाने पर विचार किया जा रहा है। परमिट के लिए आवेदन करने पर राज्य परिवहन प्राधिकार सुनवाई के बाद रूट निर्धारित कर निजी ऑपरेटरों को संचालन का आदेश जारी करेगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को विकासखंड के साथ ही तहसील और जिलों को जोड़ा जा सके, जिससे गांव में रहने वाले ग्रामीणों को सीधे कनेक्टिविटी मिल सके।

**आठ मरीजों को मिली राहत**

# थायरॉयड कैंसर के मरीजों के लिए एम्स में पहला हाई-डोज थेरेपी वार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

थायरॉयड कैंसर के मरीजों को अब उपचार की सुविधा एम्स में मिल रही है। कैंसर की बची हुई कोशिकाओं को खत्म करने के लिए यहां हाई-डोज थेरेपी वार्ड बनाया गया है। यहां आयोडीन-131 थेरेपी की मदद से आठ मरीजों को उपचार की सुविधा प्रदान की गई है। प्रदेश में यह पहला हाई-डोज थेरेपी वार्ड है। इसके पूर्व उपचार के लिए लोगों को मुंबई तक का दौरा करना पड़ता था।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में पांच बिस्तरों वाला हाई-डोज थेरपी वार्ड, पीएमएसएसवाई योजना के तहत स्थापित किया गया है। यहां आयोडीन-131 थेरपी जो इस हाई-डोज का उपयोग किया जाता है, जो सर्जरी के बाद बचे हुए कैंसर की कोशिकाओं को खत्म करने में मदद करता है। चिकित्सकों के मुताबिक यह रेडिएशन केवल थायरॉयड ग्रंथि और मेटास्टेटिक रोग पर असर करता है। मार्च में शुरू हुए इस वार्ड में अब तक आठ मरीजों का इलाज किया जा चुका है। न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के प्रभारी और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुदालशा रवीना, सहायक प्राध्यापक डॉ.




शोभना राजू और रेडिएशन सेफ्टी ऑफिसर श्री साई शिव नारायण की देखरेख में मरीजों का इलाज किया जा रहा है। चिकित्सा अधीक्षक एवं ईएनटी प्रमुख डॉ. रेनू राजगुरु ने बताया कि बड़ी संख्या में थायरॉयड कैंसर मरीज इलाज के लिए आते हैं। इसमें रेडियोआयोडीन थेरपी का समावेश मरीजों के समग्र उपचार में मदद करेगा।

### बड़ी मदद साबित होगी

हाई-डोज थेरेपी वार्ड की सुविधा राज्य के जरूरतमंद थायरॉयड कैंसर मरीजों के लिए एक बड़ी मदद साबित होगी। पहले इन मरीजों को उपचार के लिए दिल्ली या मुंबई जाना पड़ता था।

\- अशोक कुमार जिंदल, कार्यकारी निदेशक एम्स

# एनईपी : खराब परीक्षा परिणामों के बीच दूसरे सेमेस्टर के लिए आवेदन 20 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत मौजूदा शैक्षणिक सत्र में पहली बार सेमेस्टर पद्धति लागू की गई है। जनवरी-फरवरी में आयोजित की गई प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश परीक्षा के बाद जून में द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं होगी। इस तरह से यह पहला बैच होगा, जो द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं दिलाएगा। इसके लिए आवेदन सोमवार अर्थात 7 अप्रैल से प्रारंभ हो गए। छात्र 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद विलंब शुल्क के साथ 6 दिनों का अतिरिक्त समय 21 से 26 अप्रैल तक दिया जाएगा। विवि द्वारा समय-सारिणी माहांत तक अथवा अगले माह जारी कर दिए जाएंगे। आवेदन ऑनलाइन ही किए जाएंगे।

- रविवि ने जारी की अधिसूचना, विलंब शुल्क के साथ मिलेगा 6 दिनों का अतिरिक्त समय

### खराब परिणामों को लेकर रोष

रविवि द्वारा आयोजित किए गए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम मार्च माह से ही लगातार जारी किए जा रहे हैं। बीए, बीकॉम, बीएससी जैसे मुख्य कक्षाओं के नतीजे रविवि जारी कर चुका है। इनमें से अधिकतर कक्षाओं के परिणाम पहले की तुलना में खराब आए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, वार्षिक परीक्षा पद्धति की तुलना में सेमेस्टर परीक्षा पद्धति के नतीजे अधिक खराब रहे हैं। छात्रों में इसे लेकर रोष है। कई महाविद्यालयों ने भी इसे लेकर विवि प्रबंधन से संपर्क किया है। इन सबके बीच रविवि ने दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी है।

# कुम्हारी टोल प्लाजा हटाएं, दो पूर्व विधायकों ने गडकरी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय और कुलदीप जुनेजा ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र के माध्यम से कुम्हारी स्थित टोल प्लाजा को हटाये जाने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने संबंधित विषय पर चर्चा करने मुलाकात के लिए समय की मांग की।

विकास उपाध्याय ने कहा कि वे केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात कर कुम्हारी टोल प्लाजा में चल रही अवैध वसूली की शिकायत करेंगे। जब तक कुम्हारी टोल प्लाजा हटाया नहीं जाता, तब तक कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आन्दोलन कर सड़क की लड़ाई लड़ेगी। श्री उपाध्याय ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व एनएचएआई के दफ्तर में जाकर कुम्हारी टोल प्लाजा को हटाये जाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की थी, लेकिन आज तक इस संबंध में किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई। इसीलिए केन्द्रीय मंत्री से चर्चा के लिए हमने समय मांगा है, ताकि वस्तुस्थिति से उनको अवगत कराया जा सके। रायपुर पश्चिम क्षेत्र के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि इसके लिए हम अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ेंगे और आने वाले



- केंद्रीय मंत्री से प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात करने मांगा समय
- टोल प्लाजा में अवैध वसूली को लेकर करेंगे चरणबद्ध आंदोलन : विकास उपाध्याय


दिनों में कुम्हारी टोल प्लाजा से लेकर दिल्ली तक भी प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने तीन साल पूर्व सदन में कहा था कि बहुत जल्द संपूर्ण भारत में टोल नाके बंद किये जायेंगे। सिर्फ जीपीएस की सहायता से रोड पर चल रहे वाहनों पर टैक्स लिया जायेगा। उन्होंने यह घोषणा भी की थी कि 60 किलोमीटर के भीतर सिर्फ एक टोल प्लाजा संचालित होगा, पर छत्तीसगढ़ में दुर्ग स्थित और राजनांदगांव स्थित टोल प्लाजा की दूरी, कुम्हारी और मंदिर हसौद टोल प्लाजा की दूरी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि 60 किलोमीटर दायरे वाला कथन कितना सही है।

# मार्च के बिल में डेढ़ फीसदी महंगी बिजली का झटका

- अब हर माह तय होती है कीमत उसके हिसाब से टैरिफ के ऊर्जा प्रभार पर शुल्क लगता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को लगातार महंगी बिजली का झटका लग रहा है। अब मार्च का जो बिल अप्रैल में आया है, उसमें डेढ़ फीसदी महंगी बिजली का झटका लगा है। 2023 के अप्रैल से हर माह बिजली की कीमत तय होती है, उसके हिसाब से टैरिफ के ऊर्जा प्रभार पर शुल्क लगता है।

मार्च में जो फरवरी का बिल आया था, उसमें ऊर्जा प्रभार पर शुल्क 11.16 फीसदी था, जो इस बार बढ़कर 12.61 प्रतिशत हो गया है। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया। इसके बाद मई में 10.29 प्रतिशत, जून में 14.23, जुलाई में 11.43, अगस्त में शुल्क 10.31 प्रतिशत रहा। सितंबर और अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण अगस्त का शुल्क लिया गया। बाद में सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय होने पर इसका समायोजन किया गया। नवंबर में शुल्क कम होकर 7.04 प्रतिशत हो गया। दिसंबर में यह शुल्क 6.30 प्रतिशत था। इसके बाद 2024 में भी कीमत कम ज्यादा होती रही।

- नए साल में अब तक तीन माह में कीमत में ज्यादा इजाफा नहीं हुआ
- सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया

### इस साल ज्यादा इजाफा नहीं

नए साल में अब तक तीन माह में कीमत में ज्यादा इजाफा नहीं हुआ है। फरवरी में जब जनवरी माह का बिल आया तो इसमें ऊर्जा प्रभार पर दस फीसदी शुल्क लगा। इसके बाद मार्च में जब फरवरी का बिल आया तो ऊर्जा प्रभार पर लगने वाले शुल्क में 1.16 फीसदी ही इजाफा हुआ और शुल्क 10 से बढ़कर 11.16 प्रतिशत हो गया। और अब अप्रैल में मार्च का बिल आया है तो इसमें ऊर्जा प्रभार पर शुल्क 12.61 प्रतिशत हो गया है। यानी 1.45 फीसदी का इजाफा हुआ है।

# आयुष्मान की प्रोत्साहन राशि पर डेढ़ साल से ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

खास खबर

आयुष्मान योजना के तहत किए गए उपचार के बदले मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के वितरण पर लगा ब्रेक पिछले डेढ़ साल से नहीं हट पाया है। योजना में इलाज के बदले डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को बड़ी राशि प्राप्त हो जाती थी।

इसकी बंदरबाट की लगातार शिकायतों के बाद राशि वितरण पर अघोषित तौर पर रोक लगाई गई थी, जिस पर अब तक अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। छोटे-बड़े सरकारी अस्पतालों में आने वाले 90 फीसदी मरीज आयुष्मान योजना के हितग्राही होते हैं। योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा मरीजों को उपचार लाभ देने के लिए डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को एक निश्चित हिस्सा इंटेसिव के रूप में दिया जाता है। सूत्रों के अनुसार आंबेडकर अस्पताल के कई विभाग में कार्यरत सर्जन सहित बड़े चिकित्सकों को इंटेंसिव के रूप में वेतन से ज्यादा राशि मिल जाती थी। वहीं अन्य अस्पतालों के स्टाफ को निश्चित राशि का भुगतान होता था। दूसरी ओर प्रोत्साहन राशि के वितरण में गड़बड़ी का दौर शुरू हो गया और निचले स्तर के कर्मचारियों तक यह राशि पहुंचना ही बंद हो गई। विभिन्न शिकायतों की वजह से योजना में पारदर्शिता लाने तक प्रोत्साहन राशि के वितरण पर अघोषित तौर पर रोक लगा दी गई। इस प्रोत्साहन राशि के वितरण पर लगे ब्रेक को करीब डेढ़ साल गुजर चुके हैं, इसकी वजह से चिकित्सकों के साथ अन्य स्टाफ को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

चिकित्सकीय स्टाफ के साथ उपचार की राशि का लगभग दस फीसदी हिस्सा अस्पताल में सुविधा के विस्तार के लिए दिया जाता है। इस मामले में स्टेट नोडल एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

- अस्पताल सहित चिकित्सकीय स्टाफ को वितरित की जाती है 34 फीसदी राशि

**बंदरबाट की शिकायतों के बाद लगी थी रोक, अब तक नहीं हो पाया फैसला**

### प्रोत्साहन राशि करोड़ों में

सूत्रों के अनुसार योजना के तहत प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों के स्टाफ को वितरित की जाने वाली प्रोत्साहन राशि हर साल करोड़ों में जाती है। करीब तीन साल पहले प्रदेश में करीब 59 लाख उपचार के मामलों में 87 करोड़ रुपए का वितरण प्रोत्साहन राशि के रूप में किया गया था। इसके बाद संदेह का जन्म हुआ और मामले में कसावट का दौर शुरू हुआ।




### निजी अस्पतालों का भुगतान बाकी

सूत्रों का कहना है कि आयुष्मान योजना के तहत निजी अस्पतालों को उपचार की पूरी राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। प्राप्त होने वाली राशि के आधार पर उन्हें कुछ हिस्सा सरकारी अस्पतालों के साथ प्रदान किया गया है। राजधानी समेत प्रदेश में अभी भी कई अस्पतालों द्वारा आयुष्मान योजना में मरीजों का उपचार नहीं किया जाता है।

# जेल में बंद कोल घोटाला के आरोपी के पास से मोबाइल, मादक पदार्थ, नकदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

राज्य के चर्चित तथा हाईप्रोफाइल कोल घोटाला मामले में जेल में बंद एक आरोपी के कब्जे से जांच के दौरान प्रतिबंधित मादक पदार्थ, नकदी तथा मोबाइल मिलने की सूत्रों ने जानकारी दी है।

जिस बंदी के पास से कैश के साथ मोबाइल, नकदी तथा मादक पदार्थ जब्त किया गया है, वह कोई चंद्राकर बताया जा रहा है। आरोपी के कब्जे से मोबाइल, कैश तथा मादक पदार्थ जब्ती की जेल प्रशासन ने किसी तरह से कोई पुष्टि नहीं की है। चर्चा है कि जिस बंदी के पास से जब्ती की कार्रवाई की गई है, उसका स्थानांतरण किसी दूसरी जेल में किए जाने की चर्चा चल रही है। बंदी को किसी दूसरी जेल में शिफ्ट किए जाने संबंधित किसी तरह का आवेदन अब तक कोर्ट में पेश नहीं किया गया है। सूत्रों के मुताबिक रूटीन जांच के दौरान कोल घोटाला के आरोपी के कब्जे से मोबाइल, कैश तथा मादक पदार्थ की जब्ती की गई।

कैश तथा अन्य सामान की जब्ती जेल प्रशासन की रूटीन जांच में हुई है या किसी अन्य जांच के दौरान, इसकी अब तक किसी ने पुष्टि नहीं की है। पूर्व में भी महादेव सट्टा एप के साथ शराब घोटाला तथा कोल घोटाला के आरोपियों को जेल में विशेष सुविधा मिलने के आरोप लग चुके हैं।

## खबर संक्षेप



### मानस सम्मेलन में राम-भरत मिलन पर चर्चा


**महासमुंद।** ग्राम खरोरा पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन आयोजन चल रहे हैं आज 8 अप्रैल को सुर संगम मानस मंडली एवं शिव महिमा मानस मंडली एवं सरस्वती संगम मानस मंडली एवं शिवशक्ति मानस मंडली एवं केंवट राम महिला मानस मंडली के टीकाकार ने बताया भारत राम मिलन का टीका जिसमें सुर संगम मानस मंडली के टीकाकार ने लोगों को बताया हुए कहा भरत-राम का मिलन भावुकता से भरा था। भरत राम को मानने के लिए चित्रकूट आए थे और उनसे वापस अयोध्या जाने के लिए कहने लगे। अध्यक्ष किशन लाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, परमानंद चंद्राकर, चमन मानिकपुरी, ज्ञानिक यादव, लता चंद्राकर, कलिंदरी चंद्राकर, कुमारी बाई चंद्राकर, संतोषी चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, मोती लाल चंद्राकर, अर्जुन चंद्राकर, गजधर चंद्राकर मंच संचालन चमन मानिकपुरी ने किया।

### सीएसईबी स्टोर डिवीजन में चोरी, चार गिरफ्तार

**रायपुर।** गुढ़ियारी स्थित सीएसईबी स्टोर डिवीजन में 16 हर रुपए के एल्युमिनियम तार चोरी करने के आरोप में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी के आरोप में धर्मेंद्र सिंह सरन उर्फ विक्का, खिलावन साहू उर्फ छोटू, संजय मोंगराज, रूपेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। चारों बदमाश सीएसईबी कर्मी जतिंद्र

# सुशासन तिहार के अवसर पर अवैध ईंट भट्ठे संचालन की ग्रामीणों ने की शिकायत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकास खंड के ग्राम पंचायत बलौदा क्षेत्र के आस-पास गौढ़ खनिन (रेत, मुरुम, जल) का अवैध रूप से लगातार दोहन किया जा रहा है जिसमें प्रकृति को हानि हो रही है। तथा कधित रामपाल प्रजापति के द्वारा अवैध रूप से लाखों की संख्या में ईंट बना कर व्यवसाय भी किया जा रहा जो कि बलोदा से कुसमीसरार (सुरंगी नदी) मुख्य मार्ग पर कार्य जारी है आज सुशासन तिहार के अवसर पर ग्रामीणों ने इस अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाकर प्रकृति के सरंक्षण के लिए उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है इस दौरान ग्राम पंचायत बलौदा सरपंच सरोज सेठ, शंखनाद यादव, विकास सोना, वंशज नाग, सूरज सेठ, देवेश भोई, सुनील यादव, दीपक यादव, नवीन सिदार के साथ अन्य ग्रामवासी बलौदा उपस्थित थे।

# जनता की समस्याओं का समाधान करना सरकार का पहला लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में आज से शुरू हुए राज्यव्यापी 'सुशासन तिहार' में अंकोरी जनपद क्षेत्र के लोगों ने अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन देने का सिलसिला शुरू हो गया है। क्षेत्र के सक्रिय युवा जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने सुशासन तिहार के माध्यम से ग्राम अंतिम व्यक्ति का समस्या समाधान हो इसी उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में आज से शुरू हुए राज्य व्यापी 'सुशासन तिहार' में लोगों ने अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन देने का सिलसिला शुरू हो गया है। श्री सिन्हा ने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग बेहिचक आवेदन दे रहे हैं। लोगों को भरोसा है कि उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित पहल की जाएगी। सुशासन तिहार के पहले चरण में आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए 8 से 11 अप्रैल तक राज्य के सभी ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों और जिला मुख्यालयों में आवेदन लिए जा रहे हैं। सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित होगा पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।



### ग्रामीणों ने जनपद सदस्य को बताई समस्या

जनपद पंचायत बसना अंतर्गत अंकोरी क्षेत्र के 12 गांवों में जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने पहुंच कर लोगों को अपनी समस्या के निराकरण के लिए जागरुक करते हुए आवेदन देने की अपील की। उन्होंने ग्राम पंचायत अंकोरी, पलसापाली (अ), ठाकुरपाली, कायतपाली पंचायत में आवेदन लिये जाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने लोगों से अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए बिना किसी हिचक के आवेदन करने कहा। इस दौरान ग्रामीणों ने नव निर्वाचित जनपद सदस्य सिन्हा का स्वागत कर ग्राम के ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र एवं अधूरे पड़े निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के सरपंच, उपसरपंच, पंच एवं ग्राम के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार के तहत पहले दिन मिले 40 आवेदन

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निर्देश पर पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार उत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत महासमुंद नगरपालिका में आज से लेकर 11 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जनता की समस्याओं का आवेदन लिया जाना है।

सुशासन तिहार उत्सव में आज नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद वार्ड क्रमांक 13 एवं पूर्व उपाध्यक्ष हरबंश सिंग ढिल्लो नानू भाई, वार्ड क्र. 29 पार्षद शुभ्रा शर्मा, पार्षद वार्ड नं. 10 माखन पटेल, पार्षद वार्ड नं. 4 राहुल आवड़े, वार्ड नं. 22 पार्षद चंद्रशेखर बेलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, डमरूधर मांझी ने नगर पालिका कार्यालय में समस्याओं पर आवेदन लिया। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बताया कि छग की साय सरकार की मंशा है कि जनता की समस्याओं का तत्काल निराकरण हो



इस कारण सुशासन तिहार आयोजित कर जनता की समस्याओं से जनप्रतिनिधि रूबरू हो तथा उनका समाधान हो।

नगर पालिका के सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा गया कि जनता की समयाओं को गंभीरता से लिया जाए तथा निदान उनके घर पहुंच कर किया जाए।

राठी ने कहा कि आप ज्यादा से ज्यादा लोग नगर पालिका पहुंचकर अपनी समस्याओं से पालिका को अवगत कराए। 11 अप्रैल तक आवेदन लिया जाना है। आवेदन पत्र लाने की जरूरत नहीं तैयार प्रारूप में आवेदन नगरपालिका में ही उपलब्ध है। नगर पालिका की ओर से वार्ड नं. 1 से 15 तक के प्रभारी रिक्की महंती एवं वार्ड नं.16 से 30 तक के प्रभारी नौशाद बक्श को बनाया गया। पहले दिन लगभग 40 आवेदन पालिका में प्राप्त हुए। सुशासन दिवस उत्सव 2025 के शुरूआत में हनीष बग्गा, शरद मराठा, गौरव राठी, मनीष करकसे उपस्थित थे।



### सुशासन तिहार-2025: समस्याओं से संबंधित आवेदन 11 अप्रैल तक लिए जाएंगे

**बसना।** नगर पंचायत बसना में "सुशासन तिहार-2025" की प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों के जन समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए टीम तैयार कर् आज से प्रारंभ कर दिया गया है। सूरज सिदार सीएमओ नगर पंचायत बसना ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार यह तिहार जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं जनसंवाद को सशक्त बनाने हेतु तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि "सुशासन तिहार 2025" के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान तत्परता से करें, ताकि उन्हें कहीं भटकना ना पड़े।

# मासूम बच्ची महक यादव के हत्यारों को मिले फांसी की सजा, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर एवं एसडीएम कार्यालय में सौपा ज्ञापन, मृतक के परिजन को 50 लाख रुपए मुआवजा दिए जाने की मांग



अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव ने दुर्ग के उरला क्षेत्र में 6 वर्ष की अबोध बालिका महक यादव के साथ दुराचार के बाद हत्या कर देने की घटना की घोर निंदा करते हुए इसे छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे नशावृत्ति को अपराध की परिणति बताते हुए मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए की मुआवजा राशि की मांग करते हुए दुराचारी हत्यारों को कड़ी से कड़ी धारा लगाकर फांसी की सजा दिए जाने की मांग की है। छत्तीसगढ़ में घटित इस घृणित पाशविक अपराध से आक्रोशित यादव समाज ने मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर एवं एसडीएम कार्यालय मे ज्ञापन सौपा है। यादव समाज ने अपने ज्ञापन में दुर्ग उरला क्षेत्र में घटित मासूम बालिका के साथ दुराचार हत्या की घोर निंदा करते हुए हत्यारो को कड़ी से कड़ी धारा लगाकर फांसी की सजा देने की मांग की है साथ ही मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए का मुआवजा दिए जाने की मांग के साथ छत्तीसगढ़ शासन का ध्यान आकर्षण कराते हुए कहा है कि राज्य में इन दिनों पान ठेले, मेडिकल की दुकान, किराना दुकानों में बड़ी आसानी से नशीले पदार्थ उपलब्ध हो रहे हैं। इस बढ़ रहे हैं नशा कारोबार को पुलिस रोकने में नाकाम साबित हो रही है। यह अवैध गोरख धंधा शासन प्रशासन के नाक के नीचे संचालित हो रहा है। इस पर सरकार को ध्यान देकर छापे मार कार्रवाई कर नशा का कारोबार करने वालों को जेल भेजना चाहिए। उक्त ज्ञापन देने वालो मे अखिल भारतर्षीय यादव महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव, दिनेश कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव राजू, योगेश यादव, मयंक यादव, तुषार यादव, ईशान यादव, कोमल यादव, सत्या आदि उपस्थित थे।

# माइक्रो फाइनेंस कंपनी से पीड़ित महिलाओं ने कलेक्टर, एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारतीय मजदूर संघ महासमुंद के पदाधिकारी ने फ्लोरा मैक्स कंपनी एवं माइक्रो फाइनेंस बैंक द्वारा पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक महासमुंद से भेंट कर ज्ञापन सोपा गया। ज्ञात हो कि कपड़े एवं राशन का व्यवसाय कर आत्मनिर्भर बनाने का लालच देकर फ्लोरा मैक्स कंपनी द्वारा माइक्रो फाइनेंस से संचालित सहायक बैंक द्वारा लोन दिलाकर कपड़ा एवं किराना व्यापार के नाम पर लोन की पूरी राशि फ्लोरा मैक्स कंपनी द्वारा जमाकर लाखों रुपए की ठगी इन महिलाओं के साथ की गई है। अब जब ये महिलाएं लोन जमा करने असमर्थ है तो बैंकों द्वारा लोन की राशि जमा करने हेतु घर पहुंच कर दबाव बनाया जा रहा है जिससे महिलाएं डरी एवं सहमी हुई है एवं आए दिन इनके घर का माहौल खराब रहता है। इसके चलते भारतीय मजदूरी संघ द्वारा डिप्टी कलेक्टर एवं एसपी महासमुंद से भेंट कर फ्लोरा मैक्स कंपनी के संचालकों एवं लीडर के ऊपर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार करने एवं पीड़ित महिलाओं से बैंकों द्वारा लोन एवं ब्याज की राशि फ्लोरा मैक्स कंपनी की जांच होते तक न करने की मांग की गई। जिस पर अधिकारियों द्वारा फ्लोरा मैक्स कंपनी एवं माइक्रो फाइनेंस बैंक पर तत्काल कार्रवाई करने आश्वासन दिया गया और यदि किसी प्रकार बैंक कर्मचारियों द्वारा राशि वसूली करने हेतु दबाव बनाई जाती है कि तो उसकी जानकारी नजदीकी पुलिस थाना में उपलब्ध कराने कहा गया। आज ज्ञापन सपना हेतु भारतीय मजदूर संघ की प्रांत कार्यसमिति सदस्य गीता सोनी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रिखी राम साहू, विभाग मंत्री विकास जलछत्री, दुर्गा दीवान, रूखमणि साहू, जुलता साहू, अंबिका सोनवानी एवं पीड़ित महिलाएं उपस्थित थे।

### माइक्रो एंटरप्राइज डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत 12 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद की संयुक्त पहल के अंतर्गत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान और राष्ट्रीय सेवा योजना छत्तीसगढ़ के संयुक्त आयोजन में छात्रों के उद्यमिता कौशल को बढ़ाने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य संपर्क अधिकारी नीता वाजपेई के निर्देशन में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक पंडित रवि शंकर विश्वविद्यालय के समन्वयक प्रोफेसर एल एस गजपाल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉक्टर मालती तिवारी के निर्देशन में शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद में 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में माइक्रोबायोलॉजी की विभाग अध्यक्ष डॉ स्वेतलाना नागल एवं डॉ मनोज शर्मा ओम प्रकाश पटेल एवं अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। साथ ही प्रगति, शीतल, विद्या, डोमेश्वरी, तेजस्वी, मेघा, अनुराधा, रेनू, ज्योति, गीतांजलि, पल्लवी, हिमांशी, दामिनी, माधुरी, त्रिपाली, डोली, केकती, खुशबू, मनीषा, प्रीति, नेहा, निकिता, चांदनी एवं अन्य छात्राएं उपस्थित होकर इस प्रशिक्षण से लाभान्वित हो रहे हैं।




# सफाई अभियान में विधायक, नपाध्यक्ष सहित अन्य शामिल हुए

**बसना।** बसना नगर के वार्ड क्रमांक 11 रानी दुर्गावती वार्ड के तालाब, शिव मंदिर की सफाई अभियान भाजपा मंडल बसना के तरफ से रखा गया था। जिसमें बसना के लोकप्रिय विधायक डॉ.संपत अग्रवाल, विधानसभा संयोजक डा. एनके अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, बसना मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव और बसना नगर के सभी वार्ड पार्षद भाई लोग उपस्थिति देकर सफाई अभियान में भाग लिया। स्वच्छता पखवाड़ा प्रभारी जन्मजय साव, संयोजक परदेशी पटेल, सहसंयोजक सरोज पटेल ने भी एवं सभी पार्षद गढ़ सफाई अभियान में भाग लिया। सफाई अभियान में नगर पंचायत के सभी अधिकारी गण ने भी सभी मंडल के भाजपा कार्यकर्त्ता के साथ मिलकर सफाई अभियान में लगे रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने नगर पंचायत के पार्षद गण ने जिस प्रकार की सहभागिता दिखाई, उसके लिए मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव सहित नगर पंचायत वासियों ने भी सभी की सराहना की।



### सीसी रोड निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन

**महासमुंद।** शहर के वार्ड नं. 3 स्थित अयोध्या नगर में 5 लाख के सीसी रोड का भूमिपूजन नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर द्वार नारियल फोड़कर एवं पूजा अर्चना कर किया गया। उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने ठेकेदार को निर्देश दिया कि सीमेन्ट ब्रांडेड कम्पनी का उपयोग करे तथा पानी से क्यूरिंग लगभग 15 दिनों तक कराएं। रेत, गिट्टी की मात्रा उचित रहे। भूमिपूजन के अवसर पर पप्पू ठाकुर, पुरूषोत्तम यादव, रणजीत सिंग, ममता साहू, व्यू डेनियल, कविता साहू, रेणू साहू, लल्ली साहू, धनेश्वरी साहू, दिव्या चंद्रकर उपस्थित रही।

# विकास अधिकारी के 200 पदों पर भर्ती, ग्रामीण विकास में पीजी करने वालों को 15% अतिरिक्त अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा सहायक विकास अधिकारी के 200 पदों के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। कैंडिडेट्स इसके लिए 2 मई तक आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए स्नातक की उपाधि होना अनिवार्य है, लेकिन ग्रामीण विकास विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि रखने वाले विद्यार्थियों को 15% का अतिरिक्त वेटेज मिलेगा। व्यापम द्वारा जारी की गई अधिसूचना में इसका जिक्र किया गया है। इसके मुताबिक, अभ्यर्थियों के 85% अंकों की गणना उनके द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर होगी, जबकि शेष 15% अंकों की गणना ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर की उपाधि के आधार पर होगी।




अर्थात ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की है, उन्हें 15% अंक अतिरिक्त मिलेंगे। विकास आयुक्त कार्यालय द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में रिक्त पदों पर यह भर्ती की जा रही है। परीक्षा 15 जून को होगी, जबकि प्रवेश पत्र 6 जून को जारी होंगे। इसके पूर्व 2 मई

### प्रवेश परीक्षाओं के बाद भर्ती परीक्षाएं

व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा एक मई से पीपीटी और प्री एमसीए प्रवेश परीक्षाओं के साथ इसकी शुरुआत होगी। इसके बाद ही व्यापम भर्ती परीक्षाएं भी आयोजित करेगा। 5 जून को अंतिम भर्ती परीक्षा होगी। इसके पश्चात सहायक विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा के साथ विभिन्न विभागों में नियुक्ति के लिए परीक्षाएं ली जाएंगी। प्रवेश परीक्षाओं के बाद होने वाली भर्ती परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं।

# कवासी लखमा की पुलिस रिमांड एक बार फिर बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू द्वारा गिरफ्तार किए गए पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की स्पेशल कोर्ट ने एक बार फिर पुलिस रिमांड अवधि बढ़ाने का आदेश दिया है। ईओडब्ल्यू के आवेदन पर कोर्ट ने कवासी को 11 अप्रैल तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद सोमवार को कवासी लखमा को कोर्ट में पेश किया गया था। ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में आवेदन पेश कर रिमांड अवधि बढ़ाने की मांग की थी। शराब घोटाला मामले में ईडी ने कवासी लखमा



को जनवरी में गिरफ्तार किया था। ईडी की पूछताछ के बाद से कवासी लखमा न्यायिक रिमांड पर रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। 2 अप्रैल को न्यायिक रिमांड की अवधि समाप्त होने के बाद ईडी ने उन्हें कोर्ट में पेश किया था।

### पूछताछ में नहीं दे रहे सहयोग

सूत्रों के मुताबिक, कवासी लखमा से ईओडब्ल्यू को पूछताछ में कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। इस वजह से उनकी दोबारा रिमांड ली गई है। किसी भी तरह के सवाल पूछे जाने पर कवासी लखमा जांच एजेंसी को गोलमोल जवाब दे रहे हैं। साथ ही सवाल पूछे जाने पर पूर्व में ईडी को जवाब देने की बात कहकर सवालों से बचने की कोशिश कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप



### अछरीडीह में त्रिदिवसीय रामायण सम्मेलन

**बिरकोनी।** धर्म ग्राम अछरीडीह में 9 अप्रैल बुधवार को समस्त ग्रामवासियों द्वारा बाजार चौक में त्रिदिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें बाहर के मंडली अपना मानस प्रस्तुत कर रहे है। मंगलवार को शाम 4 बजे महिलाओं व बालिकाओं द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम स्थल पर स्थापित भगवान राम सत्यनारायण की पूजा अर्चना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंडली सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक मानस गान की प्रस्तुती दी जाएगी। प्रत्येक मानस मंडली को सातवां पुरस्कार व श्रीफल हनुमान चालीसा प्रदान किया जाएगा। अखंड रामायण समिति अछरीडीह के सभी श्रद्धालुओं को आयोजन में शामिल होने की अपील की है। उक्त जानकारी देवेन साहू ने दी।

### आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर एक मृतक के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें सर्पदंश से मृत्यु होने पर कोमाखान तहसील अंतर्गत ग्राम खुर्सीपार की मृतका कुंती बाई साहू के पति दुकालूराम के लिए 04 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### 26 जरूरतमंदों के लिए स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने स्वेच्छानुदान मद से जिले के 26 जरूरतमंदों के लिए स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम बंसुला के रविलाल चौहान, प्रताप साव, ग्राम देवरी की मीरा साव, केंवटापाली के लोकनाथ साव, चोरभट्ठी के हेमचंद साव, बरोली के कमलेश साव, मेदनीपुर के योगेश साव, बिछिया के राजेश गढ़तिया, बोहारपार के चमरा स्वर्णकार, बानीपाली के बसंत पटेल, सिंघनपुर के गिरजाशंकर स्वर्णकार, दिलीप साव, भदरपाली के मोहन पटेल एवं गिधली के शोभित मांझी शामिल हैं। वहीं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम परसवानी के प्रमोद प्रधान, धरमपुर के कमल साहू, रिखादादर के लोकेश प्रधान, तिलंजनपुर की किरण पटेल, त्रिलोचन ध्रुव, भगतदेवरी के मुकेश प्रधान, ढाबाखार के किशोर कानूनगो, जामजुड़ा के टीकेशालाल साहू, शंकरपुर के संतोष मांझी, ब्रजेंद्र प्रधान, पिरदा के उत्तर पटेल एवं ग्राम बैतारी के बसंत साहू के लिए स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को मतदाता परिचय पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, राशन कार्ड, स्वयं के दो फोटो सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज संबंधित तहसील कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे। इसके बाद स्वीकृत राशि का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से



# नगर में लगेगा दो माह तक क्रिकेट का समर कैंप, पेशेवर कोच देंगे प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी महासमुंद जो की विगत 12 वर्षो से मिनी स्टेडियम महासमुंद में संचालित हो रही है। यह महासमुंद जिले की एकमात्र पेशेवर क्रिकेट एकेडमी है। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के संचालक और हेड कोच एनआईएस क्रिकेट कोच शबाब कुरैशी ने बताया कि टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी निरंतर राज्य और जिले के लिए अच्छे खिलाड़ियों को तैयार करने का काम कर रही है।

टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी महासमुंद का छत्तीसगढ़ में एक बड़ा नाम है। यहां से प्रति वर्ष हर वर्ग के क्रिकेट खिलाड़ी चयनित होते हैं। अभी तक टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी महासमुंद ने महासमुंद के लिए रणजी खिलाड़ी से लेकर राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तरीय एवं विश्वविद्यालय स्तर के खिलाड़ी महासमुंद को अभी तक दे चुकी हैं। इन खिलाड़ियों में शशांक चंद्राकर, कृतेश साहू, त्रिपेश साहू, तुषार चंद्राकर, आयुष द्विवेदी, अनमोल द्विवेदी, मनोज पटेल, रवीना साहू, चंद्रकांत देवांगन ऐसे अनेक खिलाड़ी महासमुंद को दे चुकी है। जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य में शहर व जिला का नाम रौशन किया है जिससे महासमुंद को गौरवान्वित होने का मौका मिला है।

इस वर्ष समर कैंप 10 अप्रैल से 10 जून तक निरंतर 2 माह प्रतिदिन शाम 3:30 से 6:30 बजे तक टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी मिनी स्टेडियम में पेशेवर क्रिकेट कोचेस के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इस प्रशिक्षण कैंप में 5 वर्ष से 25 वर्ष तक के खिलाड़ी इस कैंप में अपना एडमिशन करा सकते है।

## कुपोषण मुक्त भारत : जिले में पोषण पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

# संतुलित आहार व कुपोषण उन्मूलन के लिए जन-जागरूकता गतिविधियों की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

"कुपोषण मुक्त भारत" के संकल्प को साकार करने की दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज जिले में पोषण पखवाड़ा का भव्य शुभारंभ किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पोषण



अभियान' के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य जन-सामान्य में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कुपोषण की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर राज्य पोषण



उत्कृष्टता केंद्र से जिला एवं ब्लॉक स्तरीय पोषण समन्वयकों की सक्रिय सहभागिता रही, जिन्होंने विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया।"

पखवाड़े के तहत जिले व ब्लॉक स्तर पर संतुलित आहार, एनीमिया की रोकथाम, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण, शिशु एवं किशोरियों के स्वास्थ्य जैसे अहम विषयों पर समुदाय को जागरूक किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य न केवल जानकारी प्रदान करना है, बल्कि व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाकर कुपोषण को स्थायी रूप से समाप्त करना है। कार्यक्रमों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारीएवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आगामी दिनों में पोषण रैली, जनसंवाद, पोषण आधारित खेल-कूद व जागरूकता शिविर जैसे आयोजनों के माध्यम से पूरे जिले में पखवाड़ा निर्धारित कार्यक्रम के तहत मनाया जाएगा।

## सामूहिक आदर्श विवाह में स्काउट-गाइड ने की सेवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रामनवमी के पावन अवसर पर रामजन्मोत्सव समिति पिथौरा के द्वारा आयोजित 40 जोड़ा सामुहिक कन्या आदर्श विवाह कार्यक्रम में पिथौरा ब्लॉक के सचिव झनेश कुमार साहू के नेतृत्व में ब्लाक के स्काउट गाइड के द्वारा विवाहोत्सव में सहयोग कर स्वैच्छिक सेवा दिए। जिसमें नाश्ता, भोजन वितरण, परिसर की सफाई, मंडप आच्छादन व सजावट, पेयजल आपूर्ति, वेदी सामाग्री सज्जा इत्यादि सेवा कार्य में योगदान दिया।

ब्लाक के कन्या शाला पिथौरा, सेजेस पिथौरा, रणजीत कृषि उमा विद्यालय पिथौरा, अंजलि विद्यालय पिथौरा, रॉयल किड्स स्कूल नयापारा खुर्द के स्काउट गाइड एवं शिवा आई टी आई के रोवर सहित 50 स्काउट गाइड द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। साथ ही ब्लाक के संतोष कुमार साहू जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, सुश्री लीलिमा साहू जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, राजीव तिवारी जिला सहसचिव, दिलीप कुमार निषाद, पतिराम पटेल, विजय कुमार सिन्हा, कमलेश दीवान, योगेश्वर गोलू डडसेना, रेख राम पटेल, निर्मला चौधरी, संतोषी ठाकुर स्काउटर गाइडर के मार्गदर्शन में स्काउट गाइड ने सामूहिक विवाहोत्सव को सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान किया। उक्त जानकारी जिला सहसचिव राजीव तिवारी द्वारा दिया गया।

## रामनवमी के पावन अवसर पर निकाली भव्य शोभायात्रा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विहिप बजरंग दल एवं हिंदू समाज के तत्वाधान में विशाल शोभायात्रा का आयोजन



किया गया। जिसमें डीजे, राम जानकी की जीवंत झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा हाई स्कूल मैदान से प्रारंभ हुई हाई स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर के शोभायात्रा बस स्टैंड से लौटकर के उड़िया पारा होते हुए गुरुनानक चौक से दुर्गा मंदिर से बाजारपारा होते हुए फव्वारा चौक के पश्चात संतोषी मंदिर से लौटकर के राम मंदिर में महाआरती एवं महाप्रसाद का आयोजन कर समापन किया गया। महाप्रसाद के पश्चात संतोषी मंदिर सेवा समिति के सहयोग महाभंडारा का आयोजन भी किया गया। शोभायात्रा को सफलतापूर्वक करने के लिए नगर एवं आसपास के गांवों के हिंदू भाई-बहनों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में विहिप बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी की बहनें भी सम्मिलित हुईं। ज्ञात हो कि इस विशाल कार्यक्रम के पश्चात आगामी 12 अप्रैल को हनुमान जयंती के उपलक्ष्य पर राम जानकी मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड एवं संगीतमय भजन संध्या का आयोजन रखा गया है, जिसमें सभी हिंदू सादर आमंत्रित हैं।

## सुशासन तिहार को सफल बनाने के लिए अफसरशाही पर लगाम जरूरी



**महासमुंद।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने मुख्यमंत्री की सुशासन तिहार पहल की सराहना करते हुए कहा कि इसको सफल बनाने के लिए अफसरशाही पर लगाम कसनी होगी जहां पहले से हजारों आवेदन जो जनदर्शन के दौरान दिए गए हैं वो वर्षों से धूल खा रहे हैं। डॉ. चोपड़ा ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कहा कि ₹सुशासन तिहार₹ के आवेदन लेने के साथ-साथ उनके जनदर्शन में आए वर्षों के आवेदनों की समीक्षा कर उनकी स्थिति जान लें केवल विभागों को मार्क कर आवेदन भेज देने मात्र से उसका निराकरण न समझे। बुधवार को आम जनता की आई शिकायतों की सूची लगभग दो माह पूर्व कलेक्टर की मांग पर उन्हें दी गई थी एवं उनके द्वारा एक माह में कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, परंतु आज तक कोई कार्रवाई न होने एवं उसकी जानकारी न देने पर यह मान्यता बलवती होती है कि अफसरशाही को जनता की कोई चिंता नहीं है।

## निदान सेवा परिषद द्वारा चलाया गया स्वच्छता महाअभियान



**महासमुंद।** रामनवमी के पावन अवसर पर निदान सेवा परिषद ने ग्राम बरबसपुर में स्वच्छता महाअभियान चलाया। इस कार्य में चेतन साहू, धनमोतीन सेन, घुरुवा, लता, मथुरा, कमला, शांति जैसे प्रमुख सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में परिषद द्वारा ग्रामीणों को संकल्प दिलाय गया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान चलाकर गांव को स्वच्छ, सुंदर और रोगमुक्त बनाए रखने का निरंतर प्रयास करेंगे।

## चेस फॉर एवरीवन का शहडोल में हुआ आयोजन



**महासमुंद।** ऑल इंडिया रेटेड इंटरनेशनल शतरंज प्रतियोगिता चेस फॉर एवरीवन का आयोजन शहडोल में 2 से 6 अप्रैल को आयोजित किया गया। जिसमें पूरे भारत से 12 राज्यों के 257 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के शतरंज खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया टॉप-10 में मयंक सोनारे, भव्य बंछोर, अंडर-15 में अहिलान राय, सोमिल चंदानी, दीपांशु पटले ने खिताब अपने नाम किया। अंडर-9 में अनिका गुप्ता, अंडर-11 में साविका, सावी गोरी, अंडर-9 में तुषार यादव अंडर-7 में पारस यादव तथा महिला प्रतिभागी में सोनिया भगत ने अपना स्थान सुनिश्चित किया।

## काव्यांश के साहित्यकारों ने की नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के साहित्यकारों ने नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू एवं उपाध्यक्ष देवीचंद राठी से सौजन्य मुलाकात किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि नगर के नव निर्माण और सर्वांगीण विकास हेतु साहित्यकारों एवं कलाकारों के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन आवश्यक है। क्योंकि साहित्य समाज का दर्पण है। उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान एक बहु आयामी संस्था है इसने साहित्यकारों एवं कलाकारों को मंच दिया है।





हम काव्यांश के साथ मिल कर एक वार्षिक कार्ययोजना का निर्माण करेंगे। जिससे नगर में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रुचि लेने वाले साहित्यकार एवं कलाकारों को मंच एवं संबल मिल सके। काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल ने काव्यांश भवन में पेयजल, प्रसाधन व प्रथम तल निर्माण हेतु टेंडर जारी करने हेतु आग्रह किया जिसे अध्यक्ष महोदय ने प्राथमिकता के आधार में करने का आश्वासन दिया। काव्यांश के प्रतिनिधि मंडल में उमेश भारती गोस्वामी मृदुल, राजेश शर्मा सारंग, भागवत जगत भूमिल, डी बसंत साव साहिल, नारायण कन्नौजे, पुष्प लता भार्गव सुनंदा, द्रोपती साहू सरसिज, अंजू सोनछत्र सुनैना, ज्योत्सना कन्नौजे ज्योति विशेष रूप से उपस्थित थे। उक्त जानकारी काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के कोषाध्यक्ष डी बसंत साव साहिल ने दिया।

# सुशासन तिहार शासन की संवेदनशीलता का परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा सरकार

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की जनता का चिंता करते हुए सुशासन तिहार मनाने का फैसला जनता की जवाबदेही और संवेदनशीलता का परिचय देती है ।



जनता अपने छोटे-छोटे कामों को लेकर विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाती रहती है और लंबे समय तक काम नही हो पाता है जिससे लोगों को आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। भाजपा जब जब सत्ता में आती है क्षेत्र की समस्याओं और विकास के प्रति प्रतिबद्ध रहती है इसके पहले भी जब सरकार में थी ग्राम सुराज, तुंहर सरकार तुंहर द्वार जैसे अनेक योजनाओं के माध्यम से जनता के समस्याओं को दूर करने के लिए अपने सारे जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र में झोंकती है ताकि समय रहते निराकरण किया जा सके।

# छग बीज निगम की बिना अनुमति कृषि विभाग द्वारा करोड़ों की खरीदी : विनोद

## निजी कंपनियों को लाभ देने राज्य बीज निगम को लगाया करोड़ों का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आरोप लगाते हुए कहा है कि जिले सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार को अंजाम देने तथा निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने नियम विरूद्ध बीज खरीदी कर करोड़ों का भ्रष्टाचार किया गया है। पूर्व में जिला कृषि विभाग के अधिकारियों ने निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने नियम विरूद्ध बीज व उपकरण खरीदी की शिकायत की गई थी। विधानसभा में विभागीय मंत्री को कृषि विभाग द्वारा विभिन्न जिलों के अधिकारियों द्वारा दी गई बीज खरीदी की गलत जानकारी की जांच की मांग एक बार पुनः चंद्राकर ने प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ शासन, कृषि उत्पादन आयुक्त मंत्रालय रायपुर को पत्र प्रेषित कर की है।



श्री चंद्राकर ने गत 2 अप्रैल 2025 को प्रमुख सचिव को प्रेषित पत्र में छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गलत उत्तर दिए जाने की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग कर कहा है कि अधिकारियों द्वारा विधानसभा में विभागीय मंत्री को गलत जानकारी दी गई है, जिसकी बिंदुवार जांच किए जाने की आवश्यकता है। प्रश्न क्र. ख के उत्तर में कहा गया है कि शासन स्तर से राष्ट्रीय बीज निगम से बीज क्रय करने के संबंध में पृथक से कोई निर्देश जारी नहीं हुआ है। इसका अर्थ यह है, कि बिना शासन के निर्देश एवं परिपत्र के कृषि विभाग के जिला अधिकारियों ने राष्ट्रीय बीज निगम से प्रश्नांश अवधि में करोड़ों की खरीदी की, जो अवैध है। प्रश्न के विधानसभा में दिये गये उत्तर के बिंदु क्रमांक 'ग' में जवाब दिया गया है, कि 'बीज क्रय करने का संपूर्ण अधिकार जिला अधिकारियों को है', जो पूर्णतः गलत है। क्योंकि बीज क्रय करने का संपूर्ण अधिकार छत्तीसगढ़ बीज निगम को है, ना की राष्ट्रीय बीज निगम को। इस स्थिति में यह स्पष्ट है, कि संबंधित अधिकारियों द्वारा विधानसभा में पूर्णतः गलत जानकारी दी गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com





23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-38, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411